हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 30 मई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

3 सुशासन शिविर में बवाल, काला झंडा और काली पट्टी लगाकर पहुंचे ग्रामीण






## एनएच 43 पर लेटे कार्यकर्ता, रोने लगी महिलाएं तो लौटे

# गिरफ्तारी देने निकले विधायक, बोले जांच व कार्रवाई में कर रहा सहयोग

**अंबिकापुर/सीतापुर।** भाजपा शासन काल में भाजपा विधायक राम कुमार टोप्पो पर गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज होने के बाद सियासी गलियारे में हड़कंप मचा हुआ है। विधायक पर एफआईआर दर्ज होने से भाजपा संगठन आक्रोशित है और सीतापुर क्षेत्र में राजनैतिक सरगर्मी बढ़ गई है। शुकवार को विधायक ने स्वयं गिरफ्तारी देने का एलान किया जिसके बाद कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और जमकर प्रदर्शन किया। आईजी कार्यालय जाने निकले विधायक के काफिले के सामने सैकड़ों कार्यकर्ता एनएच 43 पर सड़क पर लेट गए और पुलिस प्रशासन, अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं के आक्रोश को देखते हुए विधायक वापस लौट गए और अब फिलहाल वे अपनी गिरफ्तारी नहीं देंगे।

बता दें कि नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ मारपीट के मामले में अपराध दर्ज होने के बाद राजस्व निरीक्षक संघ, राजस्व पटवारी संघ, छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के साथ ही छग राज्य प्रशासनिक सेवा ने हड़ताल की शुरुआत कर दी। अधिकारी कर्मचारी विधायक व आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे होती हैं वहीं भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी विधायक राम कुमार टोप्पो के समर्थन में आ गए हैं। शुक्रवार को विधायक राम कुमार टोप्पो ने पहले सीतापुर थाना में जाकर अपनी गिरफ्तारी देने की बात कही थी। उनके इस निर्णय के बाद सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता सीतापुर सर्किट हाउस पहुंचे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दिनभर नारेबाजी की कार्रवाई को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि विधायक पर दर्ज किए गए अपराध को बिना किसी शर्त के वापस लिया जाए अन्यथा वे भी अपनी गिरफ्तारी देंगे। दिनभर चले हंगामे के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो अपनी गिरफ्तारी देने के लिए आईजी कार्यालय जाने के लिए शेष पेज 6 पर



### कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे, लौटे वापस

आधे रास्ते से सीतापुर लौटने के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो सर्किट हाउस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हॉउस में धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर बैठ गए और उन्हें समझाने का प्रयास किया। समथकों का कहना है कि हम भी विधायक के साथ गिरफ्तारी देंगे। नहीं तो जो अपराध दर्ज हुआ है उसे वापस किया जाए। काफी समझाइश के बाद आखिरकार विधायक ने अपनी गिरफ्तारी देने के निर्णय को वापस लिया और अपने घर लौट गये। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अपनी जीत मानते हुए पटाखे फोड़कर जश्न मनाया।

### जांच नहीं होगी बाधित, काम पर लौटे अधिकारी-कर्मचारी : टोप्पो

अपराध दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े अधिकारी कर्मचारियों की हड़ताल व कार्यकर्ताओं की नाराजगी से बनी तनावपूर्ण स्थिति के बाद विधायक सीतापुर राम कुमार टोप्पो ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि मेरी अधिकारी कर्मचारियों से अपील है कि वे काम पर लौटें। हड़ताल की जरुरत नहीं है क्योंकि अपराध दर्ज भी बिना दबाव के हुआ है। हम जांच में सहयोग कर रहे हैं। और हमारी सभी से अपील है कि किसी को कानून हाथ में लेने की जरूरत नहीं है। वहीं वापस लौटने को लेकर कहा कि सूचना देकर गिरफ्तारी के लिए आईजी कार्यालय जाने के लिए निकला था। क्षेत्र की जनता ने रास्ता रोका और मेरी बात नही मानी, मुझे वापस रेस्ट हाउस लेकर आए। कार्यकर्ताओं का सम्मान रखने के लिए रेस्ट हाउस में उपस्थित हुआ हूं। मै फिर से आश्वासन देता हू कि किसी प्रकार की जांच बाधित नहीं होगी। अधिकारी कर्मचारियों से अपील है कि आपकी जो मांग है वो पूर्ण होगी, कानून अपना काम करेगा और जांच में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। सभी शांत रहें मै सीतापुर में ही रहूंगा। पैनिक स्थिति को देखते हुए परिवार व कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के बाद आगे का निर्णय लूंगा।

# सरगुजा से लेकर प्रदेश भर में अधिकारी कर्मचारियों की हड़ताल से काम ठप

**अंबिकापुर/सीतापुर।** नायब तहसीलदार बनाम सीतापुर विधायक का विवाद अब वृहद रूप ले चुका है और सीतापुर से लेकर जिलेभर में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। अपराध दर्ज करने के बाद गिरफ्तारी की मांग को लेकर छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत कर दी है। इधर अपर कलेक्टर से लेकर लिपिक तक सामूहिक अवकाश पर काम बंद कलम बंद हडताल पर रहे और काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज कराया। हड़ताल के कारण जिलेभर में काम काज ठप हो गया और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

नायब तहसीलदार तुषार मानिक के साथ राजापुर चौक पर की गई मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो, युसूफ, नाजिम रजा व 10-12 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 221,121(1), 132,191(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद राजस्व निरीक्षक संघ, राजस्व पटवारी संघ, छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने विधायक समेत आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी और मांग पूर्ण नहीं होने पर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी थी। इस मांग के बाद प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मचा हुआ है जबकि राजनैतिक गलियारे में भी सरगर्मी बढ़ गई है। शुक्रवार को विधायक सीतापुर राम कुमार टोप्पो समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को लेकर राजस्व निरीक्षक संघ, राजस्व पटवारी संघ, छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के साथ ही छग राज्य प्रशासनिक सेवा ने हड़ताल की शुरुआत कर दी। राजस्व निरीक्षक, पटवारी संघ ने सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद कर दिया और घटना की निंदा करते हुए विरोध शेष पेज 6 पर



### बैठक कर की गई घटना, सौंपा ज्ञापन

विधायक द्वारा की गई मारपीट की घटना और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को राजमोहिनी देवी भवन में छग राजस्व निरीक्षक संघ, छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ, छग राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान इस घटना को लेकर अधिकारियों ने अपना आक्रोश व्यक्त करने के साथ ही घटना को लेकर निंदा प्रस्ताव पास किया। इसके बाद सभी ने आईजी, कलेक्टर, एसपी को सीएम, राज्यपाल और गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मांग पूर्ण नहीं होने पर उग्र आन्दोलन की चेतावनी भी दी गई है।

-**सुनील नायक**, अपर कलेक्टर

### सौंपा गया है ज्ञापन

राज्य प्रशासनिक सेवा संघ सरगुजा इकाई द्वारा कलेक्टर, एसपी, आईजी को सीएम और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। उचित कारवाई की मांग को लेकर, काली पट्टी लगाकर काम कर रहे है। आगे संघ के निर्णय पर रणनीति तय की जाएगी।

-**फागेश सिन्हा**, एसडीएम

### लोक सेवक के साथ मारपीट गलत

किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा लोक सेवक के साथ मारपीट करना अन्याय और गलत है। संविधान में इसका अधिकारी किसी को नहीं है और यह दंडनीय है। हमारी मांग है कि विधायक और आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए, नहीं तो काम बंद कलम बंद हड़ताल जारी रहेगा। कलेक्टर के माध्यम से हमने राज्यपाल, सीएम व गृह मंत्री ज्ञापन सौंपा है। इस हडताल से आम जनता पर भी असर पड़ रहा है।

-**कृष्ण कुमार** लहरे

### सीसीटीवी फुटेज कराया गया डिलीट

छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा आईजी, कलेक्टर, एसपी को ज्ञापन सौंपा गया है और गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। यदि गिरफ्तारी होती है, जांच के बाद आरोपी सिद्ध होते है तो कड़ी सजा मिले। यदि विधायक को निष्पक्ष जांच करानी है तो अपने लोगों को भेजकर घटना के दौरान की गई मोबाईल रिकार्डिंग और सीसीटीवी फुटेज को डिलीट नहीं कराना था। दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई होनी चाहिए।

-**तुषार मानिक**, नायब तहसीलदार

## खबर संक्षेप

### लखनपुर के बेलदगी में 20 ग्राम पंचायतों हेतु शिविर आज

**अम्बिकापुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत 30 मई को विकासखण्ड लखनपुर बेलदगी के शिविर स्थल (देव सरना मैदान) में शिविर लगेगा। जिसमें 20 ग्राम पंचायतों बेलदगी, जमगवां, कुसु, लोसंगी, कटिन्दा, पर्री, नरकालो, जुड़वानी, चांदो, प्रतापपुर, तुनगुरी, तुरना, अमदला, कोसंगा, कुंवरपुर, ईरगवां, अमलभिठ्ठी, जूनाडीह, बंधा, पूटा के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उदयपुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनपुर होंगे।

### महावीरगंज में आज लगेगा शिविर

**बलरामपुर।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत आयोजित किए जा रहे जनसमस्या निवारण शिविरों की तिथि में अपरिहार्य कारणों से संशोधन किया गया है। 2 जून को विकासखंड रामचन्द्रपुर के ग्राम पंचायत महावीरगंज पावर हाउस के पास में शिविर आयोजित किया जाना था। संशोधित शिविर तिथि के अनुसार अब ग्राम पंचायत महावीरगंज पावर हाउस के पास में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 30 मई को किया जाएगा। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत महावीरगंज शिविर में विजयनगर, भाला, चाकी, चुमरा, मेघुली, गम्हरिया, महावीरगंज, चिनिय, केवली, कनकपुर, लुरगी, पिपरौल, परहियाडीह के ग्राम लाभान्वित होंगे।

### उत्कर्ष योजना की प्रवेश परीक्षा आगामी आदेश तक स्थगित

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली लिखित प्रवेश परीक्षा को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नया रायपुर के निर्देशानुसार प्रशासनिक कारणों से यह निर्णय लिया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित की जानी थी। उन्होंने संबंधित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों से अपील की है कि फिलहाल परीक्षा से संबंधित आवेदन जमा न करें। परीक्षा की नई तिथि एवं प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में शासन से निर्देश प्राप्त होने के उपरांत पृथक से सूचना जारी की जाएगी।

### प्रसव के बाद तबीयत बिगड़ने से गंभीर प्रसूता की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रसव के लगभग 15 दिन बाद अचानक तबियत बिगड़ने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। इससे पहले ही प्रसव के चार दिन बाद ही शिशु की मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खड़गवां अंतर्गत ग्राम जरौधा निवासी दुर्गावती यादव पति दुर्गा प्रसाद यादव (28 वर्ष) 13 मई को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में भर्ती कराया। जहां ऑपरेशन कर डिलेवरी कराया। इस बीच 19 मई को शिशु की मौत हो गई। शिशु के मौत हो जाने के बाद चिकित्सकों ने 23 मई को प्रसूता को छुट्टी दे दी। परिजन प्रसूता को घर ले कर चले गए। पांच दिन बाद महिला पेट में दर्द होने की शिकायत की तो परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# दस्तावेजों में कूटरचना कर छग का निवास प्रमाण पत्र बनाने वाला गिरोह पकड़ाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- डोंगरगढ़ से दिया जा रहा था घटना को अंजाम, अब तक चार गिरफ्तार

जिले में पुलिस ने फर्जी दस्तावेजो के आधर पर सीआरपीएफ व अन्य शासकीय सेवाओं में भर्ती होने वाले गिरोह का पर्दा फाश करने में स फ ल ता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों द्वारा दूसरों के दस्तावेजों में कूटरचना कर अपना निवास प्रमाण पत्र के साथ ही अन्य दस्तावेज तैयार किया गया। पुलिस ने एमपी के साथ ही डोंगरगढ़ क्षेत्र के आरोपियों को पकड़ा है।

बता दें कि तहसीलदार बलरामपुर द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि जगदलपुर करनपुर सीआरपीएफ कोबरा बटालियन में पदस्थ सुमित आ. अचल सिंह द्वारा तहसील कार्यालय बलरामपुर से ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से विशाल सोनी आ. स्व. सुरेश सोनी के शैक्षणिक दस्तावेजों तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों में कुटरचना अपने नाम का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र तैयार किया था इसी प्रमाण पत्र के आधार पर वह नौकरी कर रहा था। जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी राजस्थान के धौलपुर का रहने वाला है। पुलिस ने अचल सिंह व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(2), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2)( ए) एवं 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया था। जांच में पुष्टि हुई कि राजस्थान धौलपुर के रुंध निवासी सुमित सिंह ने छग राज्य के कोटे का अवैध लाभ लेकर वर्ष 2023 में सीआरपीएफ में एसएससी के माध्यम से भर्ती हुआ था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने दस्तावेजों में कूटरचना करने वाले आरोपियों मध्य प्रदेश के मोरेना खांड का पुरा निवासी 24 वर्षीय विवेक सिंह तोमर आ. रामसिया सिंह तोमर व 22 वर्षीय आकाश सिंह आ. रामानंद शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान यह बात सामने आई कि विवेक सिंह तोमर के द्वारा स्वयं का भी डोंगरगढ़ से फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके छत्तीसगढ़ राज्य का निवास प्रमाण पत्र बनवाया गया है। आकाश शर्मा के द्वारा अपना नाम बदलकर तुकेश्वर आ.ता भोजराम निवासी पुलिस लाइन के पीछे बलरामपुर के नाम से फर्जी आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं दीपक चौरसिया निवासी बलरामपुर के शैक्षणिक दस्त्वेजों में छेड़छाड़ कर तूकेश्वर पिता भोजराज का नाम जोड़कर शेष पेज 6 पर



### बड़े पैमाने पर भर्ती हुए है फर्जी लोग

इस प्रकरण में जांच के दौरान चौकाने वाले मामले सामने आए है जिसके बाद पूरी भर्ती प्रक्रिया ही जांच के दायरे में आ सकती है। पुलिस की जांच में पाया गया कि केंद्रीय पुलिस बल की भर्ती में छत्तीसगढ़ राज्य का कट ऑफ अन्य राज्यों की तुलना में कम रहने के कारण अन्य राज्य के व्यक्ति अवैध लाभ प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का फर्जी तरीके से निवास प्रमाण पत्र बनवाकर केंद्रीय पुलिस बल में भर्ती हुए है अथवा भर्ती होने का प्रयास किया जा रहा है। विवेचना के दौरान पाया गया कि बलरामपुर तहसील कार्यालय के अतिरिक्त तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ से ऐसे लगभग 20-25 स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करवाया गया है जिसका उपयोग कर छत्तीसगढ़ राज्य के कई गैर निवासी केंद्रीय आर्म्स पुलिस बल जैसे सीआरपीएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ में भर्ती हुए है जिसकी पतासाजी कर संबंधित इकाई में पत्राचार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# राजस्व अधिकारियों की प्रस्तावित हड़ताल गैर-कानूनी



**अम्बिकापुर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों की प्रस्तावित अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल को गैरकानूनी, जनविरोधी एवं प्रशासनिक व्यवस्था को बाधित करने वाला कदम बताया है तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप हड़ताल में शामिल कर्मियों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

जिला संयोजक जन्मेजय पाण्डेय ने बताया कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने टीके रंगराजन बनाम तमिलनाडु प्रकरण में स्पष्ट किया है कि शासकीय सेवकों को हड़ताल पर जाने का वैधानिक अधिकार नहीं है। इसके बावजूद राजस्व अधिकारी कर्मचारी सामूहिक रूप से कार्य बंद कर शासन-प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे है, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1665 के नियम-6 का खुला उल्लंघन है। राजस्व विभाग आम जनता, किसानों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है। ऐसे समय में कार्य बंद होने से नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाणपत्र, भू-अभिलेख एवं अन्य आवश्यक सेवाएं प्रभावित होंगी जिससे नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सीतापुर विधायक से संबंधित प्रकरण में दबाव बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार की हड़ताल की जा रही है, जिससे निष्पक्ष जांच प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने हड़ताल में शामिल शेष पेज 6 पर

### नायब तहसीलदार की गिरफ्तारी की मांग लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

महिला सम्मान के मुद्दे पर भाजपा मोर्चा का प्रदर्शन भाजपा महिला मोर्चा सरगुजा ने जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, महापौर मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, प्रदेश महामंत्री फूलेश्वरी सिंह, जिला महामंत्री अरूणा सिंह एवं जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े की उपस्थिति में कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंप नायब तहसीलदार, तुषार मानिक पर महिला के साथ अभद्र व्यवहार, जातिगत गाली-गलौज, अश्लील इशारे एवं धक्का-मुक्की करने के आरोप में कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में ग्राम कोटछाल, निवासी श्रीमती सीमा धनकी के साथ उप तहसील राजापुर कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार तुषार मानिक द्वारा उनके साथ अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है तथा घटना को महिला सम्मान एवं शासकीय गरिमा के खिलाफ बताया गया है। मामले में थाना सीतापुर में एफ.आई.आर. दर्ज होने के बावजूद अब तक एस.टी.एक्ट नहीं लगाये एवं आरोपी की गिरफ्तारी नहीं करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा महिला मोर्चा ने आरोपी अधिकारी को तत्काल निलंबित कर एसटी एक्ट की कार्रवाई करने एवं तत्काल अविलंब गिरफ्तारी करने की मांग की है तथा शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर मामले को उच्च स्तर पर उठाने की चेतावनी दी है। इस दौरान गुंजन सिंहदेव, प्रियंका चौबे, नीलू गुप्ता, सरिता जायसवाल, अर्चना सिंह, बुधमेत कुजूर, सरस्वती यादव, संतोषी पावले, हीरमेन राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## वन विभाग करा रहा पेड़ों पर पानी का छिड़काव, बदबू से लोग परेशान

# हीट स्ट्रोक से क्षेत्र में चमगादड़ों की मौत, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

भीषण गर्मी से क्षेत्र में चमगादड़ों की मौत का मामला सामने आया है। लगातार चमगादड़ों की मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मृत चमगादड़ों की गंध से लोगों का बुरा हाल है। इधर घटना को अब गंभीरता से लेते हुए वन वभाग भी हरकत में आया है। वन विभाग द्वारा मृत चमगादड़ों को हटवाने के साथ बचे हुए चमगादड़ों के लिए दमकल विभाग की मदद से पेड़ों पर पानी का छिड़काव कराया गया। हालांकि वन विभाग ने सिर्फ 5 चमगादड़ों के मौत की बात ही स्वीकार की है।

भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित है। नवतपा और लू के कारण लोग बीमार पड़ रहे है तो वहीं भीषण गर्मी की जद में पशु पक्षी भी आए है। बालोद और कोरबा के बाद जिले के वाड्रफनगर में भी चमगादड़ों की मौत का मामला सामने आया। बताया जा रहा है कि पिछले तीन चार दिनों से वाड्रफनगर थाना के पीछे पेड़ों पर मौजूद चमगादड़ों की मौत हो रही थी। पेड़ों पर लटके लटके चमगादड़ मर गये। हालांकि शुरुआत में लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया लेकिन जब संख्या बढ़ गई और मृत चमगादड़ों की मौत से क्षेत्र में बदबू फैल गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घटना की सूचना वन विभाग को दी जिसके बाद वन विभाग, पशु चिकित्सक और नगर पंचायत की टीम मौके पर पहुंची। टीम द्वारा मौके से बड़ी संख्या में मृत पाए गए चमगादड़ों को ट्रैक्टर के माध्यम से हटाया गया इसके साथ ही हाल में मरने वाले चमगादड़ों को पीएम के लिए भेजा गया ताकि उनकी मौत के असल कारणों का भी पता चल सके। इधर चमगादड़ों की मौत के बाद वन विभाग व नगर पंचायत द्वारा आस पास के पेड़ों पर पानी का छिडकाव कराने के साथ ही स्प्रिंकल कराया जा रहा है ताकि तापमान में कमी आने के साथ ही चमगादड़ों को राहत मिल सके। बताया जा रहा है कि चमगादड़ों 38 डिग्री के ऊपर तापमान जाने पर परेशानी होने लगती है जबकि क्षेत्र में तापमान इन दिनों 42 डिग्री तक पहुंच गया था ऐसे में उनकी मौत भी हीट स्ट्रोक के कारण होने की बात कही जा रही है। हालांकि अब बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट आई है जिसके बाद वन विभाग ने भी राहत की सांस ली है।



### हुई है मौत

पांच चमगादड़ों के मरने की सूचना मिली है। अत्यधिक गर्मी के कारण उनकी मौत हुई है। वेटनरी डिपार्टमेंट द्वारा सैम्पल लिया गया है। इसके साथ ही तापमान को सामान्य रखने के लिए पानी का छिडकाव नगर पंचायत के माध्यम से कराया गया है। बारिश होने के बाद भी स्थिति में सुधार हुआ है। जांच चल रही है।

-**आलोक वाजपेयी**, डीएफओ

# डेम में डूबने से युवक की मौत, दो दिन बाद मिला शव

**डांड़गांव।** साथियों के साथ ग्राम पंचायत गुमगा स्थित डेम में स्नान करने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक के डेम में डूब जाने की जानकारी लगते ही गोताखोरों की टीम डेम में तलाश की लेकिन शव का पता नहीं चल सका। दूसरे दिन शव डेम के किनारे मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी केअनुसार ग्राम पंचायत गुमगा में गेरुवा नाले में डेम बना हुआ है। जिसमें गर्मी के दिनों में गेट बंद कर देने के कारण डेम में लबा लब पानी भरा रहता है। गांव के ही पिंटू मझवार (23वर्ष) 28 मई को अपने तीन साथियों के साथ गांव में कुएं का साफ फ़साई करने के बाद दोपहर को स्नान करने डेम गया था। युवक तीन बार डेम में कूद कूद कर डुबकी लगाया और जैसे ही चौथी बार कूदा तो बाहर नहीं निकला। इधर उसके साथियों ने बहुत बचाने का प्रयास किया लेकिन नहीं बचा सके और युवक गहरे पानी में चला गया। घटना की जानकारी लगते ही गांव के लोगों ने एसडीआरएफ गोताखोरों की टीम को सूचना दी। एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव की तलाश की लेकिन शाम तक शव का पता नहीं चला सका। आज सुबह पुनः ग्रामीण एवं गोताखोर द्वारा दोपहर तक शव की तलाश कर रहे थे तभी शव पानी के ऊपर डेम के किनारे मिला। शव मिलने के पश्चात मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। साथ ही आगे की विवेचना में जुट गई है। दो दिनों से उदयपुर थाना प्रभारी शिशिर कांत सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल शव की तलाश मे जुटे हुए थे।


VENUS PARK
Come home to peace.
A HAVEN YOU'LL
CHERISH
EVERY
SINGLE DAY!
RESTAURANT (3 MIN)
HOSPITAL (5 MIN.)
SCHOOL (2 MIN.)
BANK
BANK (2 MIN.)
MARKET (5 MIN.)
@VIDHANSABHA ROAD, RAIPUR
• PREMIUM DEVELOPED PLOTS
• CUSTOMIZED BUNGALOWS • LIFESTYLE-ENHANCING AMENITIES
A Complete Lifestyle Experience
GRAND ENTRANCE GATE
24X7 SECURITY
CLUB HOUSE & LIFESTYLE AMENITIES
BEAUTIFUL TEMPLE
CHILDREN'S PLAY AREA
GREEN ATMOSPHERE
LANDSCAPING & WATER BODIES AT THE ENTRANCE GATE
CONCRETE ROADS WITH FOOTPATH
UNDERGROUND ELECTRICITY & SEWAGE
SEWAGE TREATMENT PLANT
DESIGNER STREET LIGHTS
ECO-FRIENDLY WATER HARVESTING SYSTEM
REGISTERED SOCIETY & SEPARATE SOCIETY OFFICE
CLUB VENUS
SWIMMING POOL & KIDS' POOL
GYMNASIUM
TEMPLE
OUTDOOR GAMES - BADMINTON COURT, MULTIPURPOSE COURT - FOR CRICKET, BASKETBALL, ETC.
ORA MAKERS
Own your real asset.
99939 08222 | 99939 07333
venuspark.ora@gmail.com
venusparkraipur
Behind Brighton International School, Vidhansabha Road, Nardaha, Raipur
RERA NO. PCGRERA200125001871
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN

## खबर संक्षेप

### एल्डरमैन नियुक्ति की मांग को लेकर भाजयुमो नेता ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन

xभाजयुमो के पूर्व जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने छत्तीसगढ़ में नगर निगम, नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में एल्डरमैन की नियुक्ति की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में भाजपा सरकार बने लगभग ढाई वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति नहीं हो सकी है। पार्टी के लिए लंबे समय से निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे कार्यकर्ता नियुक्ति की उम्मीद लगाए बैठे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पार्टी के समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन और शासन में अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायतों में जल्द से जल्द एल्डरमैन नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है। भाजयुमो के दुर्गा गुप्ता ने कहा कि एल्डरमैन नियुक्ति से अनुभवी कार्यकर्ताओं को जनहित के कार्यों में योगदान देने का अवसर मिलेगा तथा नगरीय निकायों के विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

### भैयाथान क्षेत्र में मिल रहा डायल 112 का लाभ



**भैयाथान**। झिलमिली थाने में डायल 112 की इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है। यह पुलिस वैन इन दिनों थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंचकर ग्रामीणों की आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दे रही है। डायल 112 भारत सरकार का अखिल भारतीय आपातकालीन हेल्प लाईन नम्बर है। इस नम्बर का उपयोग किसी भी संकट या जीवन के खतरे से जुड़ी आपात स्थिति में पुलिस से सहायता लेने के लिए किया जाता है। हत्या, लूट, डकैती, आगजनी सहित अन्य घटनाओं में तत्काल जनता की मदद के लिए तैयार है। क्षेत्रवासी मेडिकल और आगजनी की घटना में डायल 112 का उपयोग कर सकते है। थाना प्रभारी झिलमिली निरीक्षक नसीम उद्दीन ने बताया की हमारे क्षेत्र में जनता की सुविधा के लिए भारत सरकार का अखिल भारतीय आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बर 112 दिए है। जो डायल 112 की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है काल करने पर तुरन्त लोकेशन ट्रेस कर नजदीकी पुलिस वाहन या एम्बुलेंस को घटनास्थल पर रवाना किया जाता है। डायल 112 पुलिस सेवा के लिये कार्य करता है।

### जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम पुलिस हिरासत में

# सुशासन शिविर में बवाल, काला झंडा और काली पट्टी लगाकर पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर के टुकुडांड में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण एवं सुशासन त्यौहार शिविर शुक्रवार को अचानक उस समय हंगामे और भारी विवाद में बदल गया, जब जिला पंचायत सदस्य एवं किसान नेता सुरेश आयाम अपने समर्थकों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ काला झंडा और हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंच गए जिससे नारेबाजी से पूरा शिविर स्थल गूंज उठा। अचानक हुए इस उग्र विरोध प्रदर्शन से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया और कुछ ही देर में पूरा कार्यक्रम तनावपूर्ण माहौल में बदल गया। प्रतापपुर क्षेत्र में इस तरह का उग्र विरोध पहली बार देखने को मिला, जिसके बाद यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

**खास बात**
- टुकुडांड की घटना से पूरे प्रतापपुर में मचा राजनीतिक भूचाल

जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा टुकुडांड में बड़े स्तर पर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान, शासन की योजनाओं की जानकारी तथा विभागीय शिकायतों के निराकरण किया जा रहा था। शिविर में प्रतापपुर और जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विभागीय कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इसी दौरान जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। सभी प्रदर्शनकारी विरोध जताने के लिए हाथों में काला झंडा और बांहों पर काली पट्टी बांधे हुए थे। शिविर स्थल पहुंचते ही प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि क्षेत्र में किसानों को खाद नहीं मिल रही है, जल जीवन मिशन के कई कार्य अधूरे पड़े हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट बना हुआ है और सड़क व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। इसके अलावा विभिन्न विभागों में कथित भ्रष्टाचार और लापरवाही को लेकर भी प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का कहना था कि कई बार विभागीय अधिकारियों और प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, जिससे मजबूर होकर उन्हें विरोध प्रदर्शन करना पड़ा।



प्रदर्शन कर रहे जिपं सदस्य को हिरासत में लेकर ले जाते पुलिसकर्मी।

### जिपं सदस्य व अधिकारियों के बीच हुई तीखी बहस

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि अधिकारी केवल कागजों में सुशासन का दावा कर रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर आम जनता परेशान है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने और समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी लगातार नारेबाजी करते रहे। कुछ देर के लिए शिविर स्थल का माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया और कार्यक्रम में अफरा-तफरी जैसी स्थिति निर्मित हो गई।

#### पुलिस ने की हस्तक्षेप

शिविर में स्थिति बिगड़ते देख प्रतापपुर पुलिस ने हस्तक्षेप किया। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर प्रदर्शनकारियों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झूमा झटकी भी हुई। कई प्रदर्शनकारी पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए जमीन पर बैठ गए और गिरफ्तारी देने से इनकार करने लगे। इसके बाद पुलिस ने बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम सहित कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर पुलिस वाहन में बैठाया और थाना प्रतापपुर ले गए। इधर थाना ले जाते समय भी प्रदर्शनकारी पूरे रास्ते प्रशासन और शासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। थाना परिसर में भी कुछ देर तक हंगामे जैसी स्थिति बनी रही। बाद में स्थानीय पुलिस और अधिकारियों की समझाइश के बाद सभी प्रदर्शनकारियों को छोड़ दिया गया।

#### स्थिति नियंत्रण से था बाहर

प्रशासनिक अधिकारियों को कहना है कि जन समस्या निवारण शिविर में अचानक उग्र विरोध प्रदर्शन करने से स्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही थी। सरकारी कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न होने और कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के चलते आवश्यक कार्रवाई की गई और पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

#### शांतिपूर्वक करनी थी बातें

प्रदर्शनकारियों द्वारा हंगामा मचाने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और प्रदर्शनकारियों को थाने ले गए। प्रदर्शनकारियों की जो भी मांगे है उसे शांतिपूर्वक बातें करनी चाहिए थी।
-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

# शिवनंदनपुर निकाय चुनाव का आज शाम से थमेगा प्रचार, अब डोर टू डोर होगा संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर का निकाय चुनाव अब पूरी तरह प्रदेश स्तरीय चर्चा एवं दोनों पार्टी की नाक का विषय बन चुका है। उक्त नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में दोनों भाजपा -कांग्रेस के प्रदेश स्तर के दिग्गज नेताओं की लगातार सक्रियता देखी जा रही है।यहां शनिवार शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा, जिसके बाद प्रत्याशी और समर्थक घर-घर संपर्क अभियान में जुटेंगे।

- प्रदेश स्तरीय चर्चा व हाई प्रोफाइल विषय बना उक्त निकाय चुनाव

कांग्रेस की ओर से पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने रोड शो और आमसभा कर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया। बस स्टैंड में आयोजित सभा में नेताओं ने कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताने की अपील की थी। इसके बाद अब टी.एस. सिंहदेव अलग-अलग वार्डों में भ्रमण कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। वहीं भाजपा के शीर्ष नेता भी चुनाव में पूरी ताकत झोंके हुए हैं,प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जायसवाल समाज की बैठक लेकर समर्थन जुटाया, जबकि नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने शिवनंदनपुर में जनसभा कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भी चुनाव घोषणा से पहले लगातार क्षेत्र में सक्रिय चल रहीं हैं और घर-घर जाकर भाजपा को समर्थन देने की अपील करती नजर आईं। इस नगरीय चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। भाजपा जहां शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने और "हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे" के नारे के साथ चुनाव मैदान में है, वहीं चुनाव से पहले करीब साढ़े चार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति और निर्माण कार्य शुरू कराने को भी बड़ा मुद्दा बना रही है। भाजपा आगे भी विकास कार्यों को गति देकर आदर्श नगर पंचायत बनाने का दावा कर रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस महंगाई, डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों जैसे राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर जनता के बीच पहुंच रही है।साथ ही लम्बे समय तक नगर संचालन समिति की निष्क्रियता को भी हर जगह उजागर किया जा रहा है,कांग्रेस कार्यकर्ताओं अनुसार आचार संहिता लगने से पूर्व शिवनन्दनपुर के गुदरी गली, शांतिनगर, व इतवारी बाजार में शुरू कराये गयेनाली निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन हैं,जिसमें घटिया स्तर के निर्माण सामग्री उपयोग हुए हैं, कई जगहों पर बांस बल्ली का फ्रेम लगाकर ऊपर से ढलाई कर दी गई है जिससे वार्ड के लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है,इसके साथ ही एक विशेष समुदाय के लोगों को दरकिनार करने का आरोप कांग्रेस कार्यकर्ता लगा रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी भी चुनाव को त्रिकोणीय बनाने में जुटी हुई है। पार्टी विशेष रूप से भाथूपारा, बंचरपारा और साहू समाज के निर्णायक मतों पर फोकस कर रही है। नगर पंचायत गठन के बाद पहली बार शहर की सरकार चुनने को लेकर मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। शिवनंदनपुर में एक जून को मतदान होगा, जबकि चार जून को मतगणना के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि नगर की सरकार किस दल के हाथों में जाएगी।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को किया गया सम्मान

**सूरजपुर**। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह मंगल भवन संपन्न हुआ। 8 से 28 मई तक जिला मुख्यालय में आयोजित इस शिविर का आयोजन जिला कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशानुसार किया गया।

- जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती चन्द्रमणि सिंह पैंकरा उपस्थित रहीं। साथ ही डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मोर तथा वॉलीबॉल संघ के सचिव रामश्रृंगार यादव भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान उत्कृष्ट खेल कौशल एवं अनुशासन का



प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक खेल के दो-दो प्रतिभावान खिलाड़ियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें वॉलीबॉल कोच राजनाथ गुप्ता, स्वीमिंग कोच वेद कुमार, फुटबॉल कोच रामबहादुर लामा, ताइक्वांडो कोच आकाश सोनवानी, बैडमिंटन कोच प्रिंस, वुशु कोच लालजी यादव, खेलो इंडिया लघु केंद्र के फुटबॉल प्रशिक्षक प्रकाश गुप्ता, खो-खो कोच बालेन्द्र साहू तथा कबड्डी कोच सहदेव रवि शामिल रहे। मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी, सुनैना जायसवाल, बलवीर सिंह एवं आशीष द्वारा किया गया।

# गोपालपुर में लगा चलित थाना,ग्रामीणों को दी गई विधि सम्बन्धी जानकारी

**बिश्रामपुर**। ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और लोगों को पुलिस सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत गोपालपुर में चलित थाना शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग की ओर से ग्रामीणों को सुरक्षा, आपातकालीन सहायता और त्वरित पुलिस सेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। शिविर में डायल 112 वाहन भी विशेष रूप से पहुंचा, जिसे देखकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।



कार्यक्रम के दौरान जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि डायल 112 केवल आपात स्थिति में पुलिस बुलाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आम जनता की सुरक्षा का सबसे तेज और भरोसेमंद साधन बन चुका है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना, मारपीट, चोरी, सड़क हादसा, महिलाओं से संबंधित अपराध या अन्य आपात परिस्थितियों में तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। प्रधान आरक्षक दीपक दुबे ने ग्रामीणों को विस्तार से समझाया कि डायल 112 की सेवा चौबीसों घंटे सक्रिय रहती है और कॉल मिलते ही नजदीकी वाहन तत्काल मौके के लिए रवाना किया जाता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी घटना को छिपाने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। चलित थाना शिविर में ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। कई लोगों ने गांव में होने वाली छोटी-मोटी विवाद की घटनाओं, सड़क सुरक्षा और युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को लेकर चिंता जताई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं और युवाओं को साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड और मोबाइल के दुरुपयोग से बचने के तरीके भी बताए। ग्रामीणों को यह भी समझाया गया कि अनजान कॉल, फर्जी लिंक और लालच भरे मैसेज से सतर्क रहें।

# खोडरो में लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर, विधायक हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत विकासखंड के ग्राम खोडरो में महुआ पेड़ के नीचे जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में क्षेत्र की 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।

शिविर में कुल 376 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 19 शिकायतें एवं 357 मांग संबंधी आवेदन शामिल रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा ने शिविर स्थल पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक उद्देश्वरी पैंकरा ने तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म भी संपन्न कराई। उन्होंने कहा



कि प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सरकार की प्राथमिकता है। ग्राम परसवारकला कला में श्मशान घाट में हैंडपंप लगाने की मांग पर विधायक ने कहा कि श्मशान स्थल से थोड़ी दूरी पर हैंडपंप स्थापित किया जाए ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। उन्होंने जनपद सीईओ एवं संबंधित अधिकारियों को बरसात से पहले कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्राम खुखरी के सतबहिनी नाला में पुल निर्माण की मांग पर विधायक ने अधिकारियों से स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य बजट के अनुरूप होगा तो इसे आगामी बजट सत्र में शामिल कराया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम सभाओं में पात्र हितग्राहियों का अनुमोदन कर योजना का लाभ दिलाया जाए। ग्राम बरियो में आरईएस विभाग द्वारा निर्माणाधीन महतारी सदन भवन को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम शिवपुर में शिव मंदिर परिसर में सामुदायिक पट्टा देने की मांग भी ग्रामीणों द्वारा रखी गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। जनपद अध्यक्ष विनय भगत एवं जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने भी शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि अपार कार्ड बनाने का कार्य 30 जून तक किया जाएगा तथा इसके लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। पीएचई विभाग के उप अभियंता ने बताया कि विभाग को 9 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में हैंडपंप सुधार कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में जिपं सदस्य हीरामणि निकुंज, जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, जिपं सदस्य रवि प्रताप मराबी, श्रीमती अनार सिंह, कमला प्रसाद सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, जनपद सदस्य हरि सिंह नागेश, अनिल जायसवाल, सुनील जायसवाल, एसडीएम देवेंद्र प्रधान, जनपद सीईओ संजय दुबे, पीएमजीएसवाई कार्यपालन अभियंता गोपाल सिदार, बीएमओ डॉ. आरके जायसवाल, रेंजर अजय वर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक वेद प्रकाश केसरी को केसरवानी समाज ने दी श्रद्धांजलि

**रामानुजगंज**। नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी केसरवानी वैश्य सभा के नगर अध्यक्ष एवं शिक्षक स्व.वेद प्रकाश केसरी के आकस्मिक निधन पर केसरवानी समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समाज के सचिव सत्य प्रकाश केसरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित समाज के लोगों ने स्वर्गीय वेद प्रकाश केसरी के व्यक्तित्व एवं उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें समाज का प्रेरणास्त्रोत बताया। समाज के कोषाध्यक्ष संतोष केसरी ने कहा कि वेद प्रकाश केसरी ने एक आदर्श शिक्षक के रूप में समाज में अपनी अलग पहचान बनाई थी। नगर अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने समाज को संगठित करने एवं सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सांस्कृतिक सचिव रूपेश केसरी ने कहा कि उनके नेतृत्व में समाज द्वारा कई बड़े आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वेद प्रकाश केसरी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से समाज निरंतर सक्रिय रहा तथा उनका आकस्मिक निधन पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। संगठन मंत्री देवेंद्र केसरी ने कहा कि विगत कुछ वर्षों से समाज निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा था, जिसमें स्व. वेद प्रकाश केसरी का अहम योगदान रहा। उनके नेतृत्व में प्रत्येक माह समाज की बैठक एवं विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का नियमित संचालन होता था। संजय केसरी ने भी उनके निधन को समाज एवं व्यक्तिगत रूप से बड़ी क्षति बताया। इस दौरान मुकेश केसरी, आलोक केसरी, जितेश केसरी, नयन, जयप्रकाश सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।



TOP IN SURGUJA

सरगुजा मार्केट

हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
CGHS से मान्यता प्राप्त
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान ! स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

प्रसिद्ध मनोरोग, नशा मुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
उपलब्ध उपचार — माह के प्रथम रविवार 07 जून को अंबिकापुर में उपलब्ध
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, निंद की कमी, उन्माद, आत्महत्या के विचार, पागलपन, अजीब अभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना, सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, बच्चों में चंचलता, बच्चों एवं बुजुर्गों में याददास्त की कमी, मंदबुद्धि, सेक्स समस्या, शराब एवं अन्य नशों की लत।
एस.आर.एस. हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर 7987779819, 7880289133

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल, सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर, गायत्री हॉस्पिटल
सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द, सिर की चोट (हेड इन्जुरी), रीढ़ की हड्डी की चोट, ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर, बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल), पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील), माइक्रो एण्डोस्कोपी, लकवा, सियाटिका, स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जाँच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह — पेट और आंत रोग विशेषज्ञ — हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल — पेट और आंत रोग विशेषज्ञ — हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी — स्पाइन और ब्रेन सर्जरी — हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- दोपहर 02 बजे से रात्रि 8 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

## खबर संक्षेप

### कक्षा 6 वीं की प्रवेश परीक्षा स्थगित

बैकुण्ठपुर। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। उक्त संबंध में सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति, जनजाति विकास विभाग ने जानकारी दी है कि उक्त परीक्षा 26 जुलाई को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जानी थी। वर्तमान में आवंटित संस्थाओं के इम्पैनलमेंट एवं प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने के कारण परीक्षा स्थगित की गई है। इस संबंध में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों एवं पालकों को सूचित किया गया है कि फिलहाल आवेदन जमा न करें। शासन से आवंटित संस्थाओं में प्रवेश संबंधी आवश्यक निर्देश प्राप्त होते ही नई सूचना जारी की जाएगी।

### लू से बचने के लिए बरतें सावधानी

अनूपपुर। जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और तपिश को देखते हुए प्रशासन ने आम जनता के लिए जरूरी बातें साझा की हैं। सावधानी ही सुरक्षा है की बात दोहराते हुए लोगों से कहा गया है कि वे लू की चपेट में आने से बचने के लिए सतर्क रहें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। प्रशासन ने लोगों से कहा है कि दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच, जब सूरज की गर्मी सबसे ज्यादा होती है, बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि बाहर जाना ही पड़े, तो सिर को छाते, टोपी या सूती गमछे से ढककर निकलें। गर्मी के दिनों में शरीर में पानी की कमी न होने दें। प्यास न लगने पर भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें। हल्के रंग के और ढीले सूती कपड़े पहनना शरीर के लिए आरामदायक होता है। खाने में हल्का और ताजा भोजन लें तथा ज्यादा तेल-मसाले वाली चीजों से परहेज करें। घर के बड़े-बुजुर्गों और बच्चों पर गर्मी का असर जल्दी होता है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें। उन्हें ठंडी जगह पर रखें और समय-समय पर पानी या अन्य पेय पदार्थ देते रहें। अगर किसी को चक्कर आए, तेज सिरदर्द हो या बहुत ज्यादा कमजोरी लगे, तो उसे तुरंत छाया वाली ठंडी जगह पर ले जाएं और पानी पिलाएं।

### पेड़ से गिरे वृद्ध और बालक की मौत

अम्बिकापुर। पेड़ से गिरने की अलग-अलग घटनाओं में वृद्ध व बालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। वृद्ध कटहल तोडते समय जबकि बालक आम तोड़ते समय पेड़ से गिर गए थे और दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम निम्हा निवासी विमलेश पैकरा आ. नंदलाल पैकरा (11 वर्ष) 27 मई को दोस्तों के साथ देव स्थल स्थित आम पेड़ में आम तोड़ने गए थे। बालक पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था तभी अचानक नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन बालक को गंभीर हालत में लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बालक को लेकर आपात कालीन केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में गाधीनगर चिखलाडीह गिद्धापहरी निवासी मोहित आ. स्व. प्रेम साय (60 वर्ष) 27 मई को घर के समीप कटहल पेड़ पर चढ़कर कटहल तोड़ रहा था। इसी दौरान वृद्ध पेड़ से नीचे गिर गया। वृद्ध को पेड़ के नीचे गंभीर हालत में देख ऋषि राम शांडिल्य ने घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण की जांच

बैकुण्ठपुर। कृषि विभाग कोरिया के उप संचालक द्वारा जिल्दा समिति में खाद अनियमितता के संबंध में स्पष्ट किया गया है कि जिले की समितियों में उपलब्ध उर्वरकों का भंडारण शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया एवं अभिलेखों के अनुसार किया जाता है। प्रारंभिक जांच में विभिन्न स्थानों पर अभिलेखीय एवं भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। खरीफ सीजन के दौरान उर्वरकों का आवंटन, उठाव एवं वितरण सतत प्रक्रिया होने के कारण समितियों में उपलब्ध स्टॉक की स्थिति समय-समय पर बदलती रहती है। कृषि विभाग के अनुसार संबंधित समितियों में भंडारित उर्वरकों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है, जिसके बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। विभाग ने यह भी कहा है कि समस्त समितियों में उर्वरक भंडारण एवं वितरण की गंभीरता से जांच की जा रही है।

---

### बैकुंठपुर में सुबह-सुबह तेज आंधी और बारिश, भीषण गर्मी से मिली राहत

# नवतपा के बीच मौसम ने ली करवट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मई के अंतिम सप्ताह में नौतपा की तपती धूप की वजह से झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। इसी बीच शुक्रवार की सुबह कोरिया जिले में अचानक तेज हवाओं के साथ कई जगहों पर हल्की बारिश हुई, इससे तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली और मौसम के अचानक करवट बदलने के कारण तापमान में भी गिरावट हुई।

नौतपा के पांचवे दिन 29 मई को सुबह करीब 5:30 बजे जिले में तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई और कुछ देर के बाद कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आंधी के साथ हल्की बौछार पड़ी और थम गई, इसके बाद मौसम खुशनुमा हो गया। आंधी हल्की बौछार के दौरान आसमान में काले बादल छाए रहे, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था कि जमकर बारिश होगी, लेकिन हल्की बौछार के बाद मौसम खुल गया और फिर ठंडी हवाएं चलने लगी।

इस दिन बैकुंठपुर के अलावा जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बौछारे पड़ी, इसके साथ ही मौसम में थोडी ठंडक सुबह के समय घुल गई, लेकिन दिन में फिर तेज धूप का असर दिनभर बना रहा। विदित हो कि इसके एक दिन पूर्व गुरूवार को भी जिले के पटना अंचल के ग्राम छिंदिया व आस पास बारिश हुई थी। अचानक मौसम में बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी इसी तरह के मौसम के कारण तापमान में गिरावट ही रहेगी, इससे नौतपा में जिस तरह से भीषण गर्मी पड़नी चाहिए उस परा विराम लग गया है।





#### कई जगहों पर टूटी पेंड की डालियां

सोनहत। भीषण गर्मी और नवतपा के बीच शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सुबह अचानक चली तेज हवाओं के कारण कई जगह पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गयइं। वहीं बारिश शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित था। मौसम बदलने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि तेज आंधी के चलते बिजली आपूर्ति भी कुछ क्षेत्रों में प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है।

#### अंधड़ से गिरे डंगाल

शुक्रवार की सुबह चली अंधड़ के कारण कई क्षेत्रों में पेड़ों के डंगाल टूटकर गिर गए, लेकिन किसी भी क्षेत्र से अप्रिय स्थिति की खबर नहीं मिली। अचानक तेज हवाओं के चलने के कारण आम पेड़ों से आम फल टुटकर गिर, जिसे एकत्र करने आम के बगीचे के नीचे सुबह के समय जुटे रहे।

**बारिश ने किया तपिश को शांत:** पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार रोहिणी नक्षत्र के शुरूआती नौ दिनों को नौतपा कहा जाता है, इस दौरान प्रचंड गर्मी पड़ती है और नौतपा के दौरान पूरे नौ दिनों तक धरती तपे तो आगे मानसून अच्छा रहता है, लेकिन इस वर्ष नौतपा के पांचवे दिन ही आंधी बारिश ने नौ तपा की तपिश को शांत कर दिया, अधिकतम तापमान में चार डिग्री की गिरावट हुई। मौसम विभाग के अनुसार अभी आगे भी इसी तरह के मौसम के हालात बने हुए हैं।

#### आगे भी खराब हो सकता है मौसम

शुक्रवार सुबह चली ठंडी हवाओं और बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। सुबह दफ्तर और स्कूल जाने वाले लोगों को बारिश के चलते परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं किसानों और आम लोगों ने मौसम परिवर्तन को राहत भरा बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवतपा के बीच अचानक हुई बारिश से गर्मी का असर काफी कम हुआ है। हालांकि तेज हवा और बारिश के कारण जनजीवन कुछ समय के लिए प्रभावित भी रहा। मौसम विभाग के अनुसार आगामी घंटों में जिले के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवा चलने की संभावना बनी हुई है।

---

# पानी से भरा टैंकर पलटा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटगोड़ी

जल वितरण के लिए पानी भरकर निकला ट्रैक्टर मोड़ के पास अनियंत्रित हो जाने से पलट गई, इस घटना में चालक की मौत हो गई।

■ पानी वितरण के लिए निकला था ट्रैक्टर

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी में टैंकर से जल वितरण के लिए टैंकर लेकर ट्रैक्टर चालक शिवचरण सिंह पिता शोभन सिंह उम्र 35 वर्ष ग्राम कछार में टैंकर लेकर पहुंचा और वहां टैंकर में पानी भरकर निकाला, इसी दौरान ग्राम कछार में साहू किराना दुकान के निकट ढलान के साथ मोड़ के पास टैक्टर से चालक का नियंत्रण हट गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल सोनहत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच कर घायल चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पीएम करा परिजन को सौंप दिया।



पलटा ट्रैक्टर।



मृत चालक।

#### कभी नाबालिग के हाथों स्टेयरिंग

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनहत जनपद के ग्राम पंचायत कटगोड़ी में टैंकर से जल वितरण की व्यवस्था की गई है। इस कार्य में जिस टैंकर से पेयजल सप्लाई वितरण किया जाता है, उसमें कोई स्थाई चालक नहीं, बल्कि बदल -बदल कर चालक ट्रैक्टर चलाते हैं। जानकारी के अनुसार कभी तो नाबालिक चालकों के हाथों ट्रैक्टर की स्टेयरिंग थमा दी जाती।

---

## इंटक और लोकमंच का निगम प्रशासन पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चिरमिरी शहर में पानी, बिजली, साफ-सफाई और सड़कों जैसी मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस समर्थित श्रमिक संगठन साऊथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक और सामाजिक संगठन लोकमंच ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दोनों संगठनों ने निगम आयुक्त को स्मरण पत्र सौंपते हुए 15 दिनों के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

■ 15 दिन में समाधान नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

संगठनों का आरोप है कि शहर की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है, लेकिन जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी समस्या समाधान के बजाय जिम्मेदारी से बचने में लगे हुए हैं। शहर की अधिकांश सड़कों की हालत जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात शुरू होने के बाद स्थिति और भयावह होने की आशंका जताई जा रही है। पेयजल संकट को लेकर भी लोगों में भारी नाराजगी है। गोदरीपारा में पानी की समस्या से परेशान नागरिकों को सभी राजनीतिक दलों के साथ संयुक्त धरना देने तक की नौबत आ गई थी। वहीं शहर के मध्य हल्दीबाड़ी क्षेत्र में भी जल संकट की शिकायतें सामने आई हैं। आरोप लगाया गया कि निगम अधिकारी समस्याओं को स्वीकारने के बजाय प्रस्ताव और स्वीकृति की औपचारिक प्रक्रिया का हवाला देकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। इंटक अध्यक्ष एवं लोकमंच अध्यक्ष तथा पूर्व महापौर डमरू रेड्डी ने बताया कि शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व में 38 सूत्रीय ज्ञापन नगर निगम आयुक्त रामप्रसाद आंचला को सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसके बाद दोनों संगठनों ने स्मरण पत्र जारी कर पुनः मांगों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में साफ-सफाई, बिजली-पानी, ठेका कर्मचारियों के नियमित वेतन भुगतान, बीमा सुविधा, मृत कर्मचारी स्वर्गीय बाबूलाल के परिजन को बीमा राशि देने, पीलिया से मृत लोगों के परिवारों को मुआवजा देने, नगर निगम की एम्बुलेंस, शव वाहन और सिटी बस सेवा को दुरूस्त करने, पानी टंकियों और टैंकरों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत, हल्दीबाड़ी से बड़ा बाजार मार्ग निर्माण, शहर की सड़कों की मरम्मत, मुक्तिधाम में लकड़ी व्यवस्था, अलाव व्यवस्था, रोड सेफ्टी मिरर और ओपन जिम की मरम्मत, पट्टा वितरण प्रक्रिया शुरू करने सहित कई मांगे शामिल हैं। संगठनों ने आरोप लगाया कि कमीशनखोरी के चलते अनावश्यक वाहनों और सामग्रियों की खरीदी कर उन्हें फायर स्टेशन के गोदाम में सड़ने के लिए छोड़ दिया गया है। साथ ही निविदा प्रक्रिया में ठेकेदारों के बंद लिफाफों से दस्तावेज चोरी होने के मामले की जांच की मांग भी उठाई गई है। दोनों संगठनों ने स्पष्ट कहा है कि यदि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो नगर निगम की कार्यप्रणाली के खिलाफ व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को भी प्रेषित की गई है।

---

### चुनाव जीतने का अर्थ यह नहीं कि जो चाहो वही होगा : टीएस

अम्बिकापुर। विधायक द्वारा की गई मारपीट और एफआईआर दर्ज होने को लेकर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का भी बयान सामने आया है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि अपराध दर्ज हुआ है तो कहीं ना कहीं कोई घटना घटित हुई होगी। जहां आपके पास मतदाताओं ने सत्ता में रहकर उनकी देखरेख करने की जवाबदारी दी है। जिन माध्यम से आपको जवाबदारी पूरी करनी है वहां मनमानी करने की मंशा रखोगे तो वो प्रजातंत्र नहीं रह जाता। आप मात्र चुने हुए जनप्रतिनिधि हो जो संविधान के प्रावधानों और कानूनों के अंतर्गत काम करने के लिए काम करने के स्वत्रन्त्र हो। चुनाव जीतने का अर्थ यह नहीं होता कि आप जो चाहो वो कर सकते हो या जो चाहोगे वही होगा। इस मानसिकता से भाजपा, उनके जनप्रतिनिधि और कभी अन्य जनप्रतिनिधि भी नहीं उभर पाते। इस बात को समझने की आवश्यकता है कि आपको मतदाताओं ने 5 साल तक संवैधानिक व्यवस्थाओं और कानून के प्रावधानों के अंतर्गत उनके लिए सहयोग काम विकास आदि करने के लिए अवसर दिया है। ये निरंकुश मनमानी करने का माध्यम नहीं हो सकता।

---

# सरई व महुआ पेड़ों की छांव में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर आयोजित राज्य स्तरीय सुशासन तिहार के तहत कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम लटमा में सरई एवं महुआ पेड़ों की छांव में खुले मैदान में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया।

■ नशा से दूर रहने दिलाई गई शपथ

शिविर में 11 गांवों के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए तथा विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रशासन को गांव-घर तक पहुंचाकर आम लोगों की समस्याओं को सुनना तथा उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में ग्रामीण विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते, इसलिए सभी विभागों के स्टॉल एक ही स्थान पर लगाए गए हैं ताकि लोगों को योजनाओं की जानकारी और समाधान दोनों एक साथ मिल सके। डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय में गांव-घर की बड़ी समस्याओं में नशा भी शामिल है, जिसके कारण दुर्घटनाएं एवं आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फूड बास्केट, मत्स्य जाल, आइस बॉक्स सहित विभिन्न हितग्राही मूलक सामग्री वितरित की गई। वहीं दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण के रूप में व्हीलचेयर एवं छड़ियां प्रदान की गइ्रं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को खुशियों की चाबी एवं अभिनंदन पत्र का वितरण भी किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग द्वारा किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, खाद-बीज वितरण तथा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जैसी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीयन आवश्यक है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं से ई-केवाईसी कराने की अपील की, जबकि समाज कल्याण विभाग ने पेंशन एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी। राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण, सीमांकन एवं बंटांकन जैसे मामलों के त्वरित निराकरण की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से समय पर आवास निर्माण पूर्ण करने की अपील भी की गई। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से जल संरक्षण के लिए स्वयं पहल करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, सोनहत एसडीएम अमित गुप्ता, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत, अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





---

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मवेशी की मौत

बैकुंठपुर। कलेक्टर कार्यालय बैकुंठपुर के समीप 28 मई की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे घूम रही गौ माता को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गौ माता की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह से शाम तक गाय का शव सड़क किनारे पड़ा रहा, लेकिन न तो नगर प्रशासन और न ही संबंधित विभाग का कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा। कलेक्टर कार्यालय जैसे संवेदनशील क्षेत्र के पास हुई इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। राहगीरों और क्षेत्रवासियों में घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि गौ संरक्षण के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर संवेदनशीलता नजर नहीं आती। समय रहते यदि संबंधित विभाग सक्रिय होता, तो कम से कम गौ माता के शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया जा सकता था। स्थानीय नागरिकों ने अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

---

## 10 हितग्राहियों को उन्नत नस्ल के बकरे वितरित



बैकुण्ठपुर। ग्रामीणों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित योजनाओं के तहत सोनहत विकासखंड के ग्राम तंजरा में मनरेगा एवं आजीविका मिशन के माध्यम से पशुपालकों को बड़ी सौगात मिली है। यहां बकरी पालन करने वाले हितग्राहियों के लिए मनरेगा के तहत गोठान शेड निर्माण कराया गया है तथा स्व सहायता समूह से जुड़ी 10 महिलाओं को उन्नत नस्ल के जमनापारी एवं सिरोही बकरे प्रदान किए गए हैं।

जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज सिंह जगत ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन में यह कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम तंजरा में अधिकांश परिवार बकरी पालन से जुड़े हुए हैं। मनरेगा के तहत ग्राम तंजरा के 10 हितग्राहियों के यहां लगभग 14 लाख 90 हजार रूपए की लागत से बकरी शेड का निर्माण कराया गया है। वहीं आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं को उन्नत नस्ल के बकरे उपलब्ध कराए गए हैं। जगत ने बताया कि वर्तमान में बकरी पालन से हितग्राहियों को प्रतिवर्ष 3 हजार से 18 हजार रूपए तक की आय प्राप्त होती है, जबकि उन्नत नस्ल के बकरों के माध्यम से उन्हें अनुमानित एक लाख रूपए से अधिक वार्षिक लाभ मिलने की संभावना है। फूलसाय, सुखलाल, अशोक, हीरासाय, रामबिलास, यहाबीत, प्रेमसिंह, रामदास, गोविंद सिंह एवं देवधारण को शेड निर्माण का लाभ मिला है। वहीं सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम पंचायत लटमा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में स्व सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती धनपतिया, सनमत, सोनमती, इंद्रकुंवर, कौशिल्या, सुमित्रा, निरासो, लीलावती, सोनकुंवर एवं सहोदरी बाई को एक-एक उन्नत नस्ल का बकरा प्रदान किया गया।

---

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई जारी

# शहर में बिक रहे सड़े-गले फल जब्त, कराए गए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में फल विक्रेताओं के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पिछले तीन दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर बड़ी मात्रा में सड़े-गले फल एवं खराब खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई।



खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के नियंत्रक दीपक अग्रवाल के निर्देश एवं कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में अभिहित अधिकारी नीलम ठाकुर के नेतृत्व में टीम ने 27 से 29 मई तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। अभियान के पहले दिन 27 मई को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 6 फल दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खराब पाए गए 22 किलोग्राम आम, 4 किलोग्राम सेब, 14 दर्जन केले, 1 किलोग्राम संतरा एवं 500 ग्राम अनार नष्ट कराया गया। दूसरे दिन 28 मई को टीम ने पटना क्षेत्र में 9 फल दुकानों की जांच की। इस दौरान दुकानदारों को सड़े एवं खराब फल विक्रय नहीं करने तथा दुकानों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। वहीं 29 मई को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पुनः सघन जांच अभियान चलाया गया, इसमें 5 दुकानों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान 65 किलोग्राम तरबूज, 12 किलोग्राम आम, 1 किलोग्राम सेब, 2 दर्जन केले, 1 किलोग्राम अंगूर एवं 1 किलोग्राम चुकंदर सहित कुल 77 किलोग्राम से अधिक खराब फल नष्ट कराए गए। अभिहित अधिकारी नीलम ठाकुर ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गर्मी के मौसम में सड़े-गले एवं हानिकारक रसायनों से पकाए गए फल बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सभी फल विक्रेताओं को साफ-सफाई बनाए रखने तथा गुणवत्तापूर्ण फल विक्रय करने के निर्देश दिए।

---

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 15 जून तक

बलरामपुर। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 29 मई से प्रारंभ होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था वाड्रफनगर में व्यवसाय फिटर, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार एवं कोपा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना तथा न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकते हैं।

Summer SALE
Only for 3 Days

# गारमेंट फैक्ट्री में मचा हाहाकार

**बाहर सप्लाई न होने के कारण अब लाखों करोड़ों डिजाइनों का माल बेचा जा रहा है सेल के माध्यम से वह भी मात्र 99/- से 699/- में**

सूरत फैक्ट्री में ओवरस्टॉक होने के कारण साड़ियां पानी के मोल बेची जा रही है
3000/- से 4000/- वाली मात्र 49/- से 249/- में



3000/- से 5000/- तक कीमत वाले बॉयज के ब्रांडेड गारमेंट्स 99/- से 499/-



**होटल संजोग फार्म, बनारस रोड में अम्बिकापुरवासियों के लिए लगने वाला है स्पेशल**

## 99 का स्पेशल धमाका

- गर्ल्स के सारे आइटम मिलने वाले हैं आपको → ONLY 99 में
- लेडीस जींस, लेडीज कैपरी, L से 5XL साइज में कुर्ती → ONLY 99 में
- मुंबई के फैंसी टॉप, ओरिजिनल कोरियन आइटम → ONLY 99 में
- कांजीवरम, सिल्क कॉटन, भागलपुरी, ओरिजिनल साड़ियां → ONLY 199 & 299 में

500 से 1500 रु तक में वाली मिलने वाले

## ओरिजिनल कोरियन टॉयज



(शॉफ्ट टॉयज़)



मात्र 99/- व 199/- में



## बिक्री सिर्फ 3 दिन के लिए : शनिवार, रविवार और सोमवार

नोट :-
1. अम्बिकापुर की जनता को सूचित किया जाता है हमारा मकसद सेल लगाकर, माल बेचना नहीं है ।
2. कम्पनी पर बैंक का अत्यंत दबाव होने के कारण, कम्पनी को अर्जेंट फण्ड की आवश्यकता होने के कारण कम्पनी अपने वेअरहाउस में रखें प्रीमियम स्टॉक को अब सेल द्वारा सस्ती बिक्री करने पर मजबूर है ।
3. जो माल खत्म हो जायेगा उसका काउंटर बंद कर दिया जायेगा ।

स्थान : **होटल संजोग फार्म**
बाबरा पेट्रोल पम्प के पास, बनारस रोड, अम्बिकापुर

Time
10:00 AM
TO
10:00 PM

sumit

## खबर संक्षेप



### बिना पिट पास गिट्टी परिवहन करते 2 हाइवा जब्त

**अम्बिकापुर।** खनिज विभाग की टीम ने विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान बिना पिट पास के गिट्टी परिवहन करते दो हाइवा को जब्त किया है। जब्त हाइवा को धौरपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। शुक्रवार को खनिज विभाग की टीम विकासखण्ड लुण्ड्रा के निरीक्षण पर निकली थी। टीम ने भ्रमण के दौरान चंगोरी कर्रा, बरगीडीह, सहनपुर, महेशपुर आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन का जायजा लिया।

## पेज 1 के शेष...

### गिरफ्तारी देने निकले...

निकले। विधायक अपने काफिले के साथ आईजी कार्यालय जा रहे थे लेकिन रास्ते में कार्यकर्ताओं ने उनका रास्ता रोक लिया। मंगारी में कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए। इस दौरान विधायक ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ता अपनी जिद पर अड़े हुए थे। इसके बाद विधायक पैदल ही अम्बिकापुर के लिए रवाना हो गए लेकिन आगे जाकर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उनका रास्ता रोक लिया और रोने लगी जिसके बाद विधायक भावुक हो गए और अपने समर्थकों के साथ वापस लौट गए।

### सरगुजा से लेकर...

जताया। इधर कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के तहत प्रदेश भर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। वहीं इस हड़ताल में छग राज्य प्रशासनिक सेवा के तहत अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम समेत अन्य अधिकारी भी सामूहिक हड़ताल पर रहे। इस दौरान उन्होंने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और घटना की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की।

**काम काज ठप, परेशान रहे लोग** एक तरह सामूहिक अवकाश व काम बंद कलम बंद हडताल से जिले भर में काम काज ठप हो गया। जिले में पेशी, जाति, आय, निवास, नामान्तरण-बंटवारा, अपील के साथ ही सभी कार्य बंद हो गए और दूर दराज से आए लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच दूर दराज से आए लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। अधिकारी-कर्मचारियों की इस हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में ताला लटका रहा। इस दौरान छग राजस्व लिपिक संघ सरगुजा जिलाध्यक्ष रमेश यादव व संरक्षक दिलीप सिन्हा ने बताया कि नायब तहसीलदार के साथ की गई मारपीट की घटना निंदनीय है। लिपिक संघ ने सामूहिक अवकाश लेकर कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। हड़ताल से लोगों को परेशानी हुई है लेकिन भविष्य में इस तरह की अप्रिय घटना किसी और के साथ ना हो इस लिए आन्दोलन किया जा रहा है।

### दस्तावेजों में कूटरचना...

तहसील कार्यालय बलरामपुर से निवासी प्रमाण पत्र बनवाया जाना पाया गया। इसके साथ दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छत्तीसगढ़ के अलग अलग कई तहसील कार्यालय में ऑनलाइन एप्लीकेशन जमा कर अवैध तरीके से स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनवाने वाले आरोपी राजनांदगांव बाघनदी सीतागोटा निवासी 28 वर्षीय ओमप्रकाश चंद्रवंशी आ. गौतम लाल चंद्रवंशी को राजनंदगांव से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि विवेक सिंह तोमर द्वारा इनके पास छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के अलग अलग व्यक्तियों के नाम से छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए काम दिया जाता था फिर प्रति व्यक्ति के हिसाब से 4-5 हजार रुपये लेकर इनके द्वारा ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में सिटीजन आइडी बनाकर आवश्यकतानुसार अलग अलग व्यक्तियों के दस्तावेज डाउनलोड करके उसमें एडिट करके जिनके नाम से प्रमाण पत्र बनवाना हो उनका नाम ऐड करके ऑनलाइन आवेदन जमा कर स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करवा लिया जाता था। आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग किए गए कंप्यूटर सिस्टम जप्त किया गया है। आरोपी विवेक सिंह तोमर के द्वारा एक प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रति व्यक्ति 3-4 लाख रुपये प्राप्त किया गया है।

### राजस्व अधिकारियों की...

राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, लोक सेवा गारंटी अधिनियम तथा अत्यावश्यक सेवा संधारण अधिनियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबन एवं सेवा समाप्ति जैसी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान धनंजय मिश्रा, श्यामलाल गुप्ता, प्रकाशमणि त्रिपाठी, संदीप तिवारी, विवेक पाण्डेय, अश्विनी पाण्डेय, पीयूष त्रिपाठी, साक्षी सिंह, सुष्मिता चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

## दिन एवं रात के तापमान में 4-4 डिग्री की गिरावट

# विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम गरज-चमक के साथ तड़के बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार को सुबह अचानक मौसम बदला एवं गरज-चमक के साथ अच्छी वर्षा हुई। वर्षा का प्रभाव शहर सहित पूरे जिलेभर में होने के कारण भीषण गर्मी से राहत मिल गई है। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ सहित विभिन्न मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण आगे भी मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने एवं तेज रफ्तार अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

**खास बात**

- गर्म हवाओं से मिली राहत, आगामी दिनों में भी आंधी के साथ होगी वर्षा

मध्य मई के बाद से लगातार भीषण गर्मी पड़ रही है। लगातार गर्म हवा के थपेड़े चलने के कारण 25 मई को अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। हालांकि दूसरे दिन से ही तापमान में आंशिक गिरावट होने का क्रम शुरू हो गया था तथा पिछले 3-4 दिनों से दिन का तापमान 41-42 डिग्री के मध्य रहा था। गुरूवार को दोपहर में आसमान पर कुछ देर घने बादल छाए रहे तथा तेज रफ्तार हवाएं भी चली जिससे तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई लेकिन गर्म हवाएं देर तक चलने के कारण तापमान में गिरावट होने के बावजूद गर्मी से राहत नहीं थी। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। सोमवार तड़के आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा 10.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। शुक्रवार को हुई बारिश से गर्म हवाओं से राहत मिल गई है। हालांकि बारिश होने के बाद आसमान तुरंत साफ हो गया साथ ही पूरे दिन चिलचिलाती धूप भी निकली। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ सहित अन्य मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण आगामी दिनों में भी अपराह्न में कहीं-कहीं 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। बारिश होने से दिन एवं रात के तापमान में 4-4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो शुक्रवार को गिरकर 26.0 एवं न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री से गिरकर 21.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। हालांकि धूप निकलने के बाद पारा 40 डिग्री के निकट पहुंचने की संभावना है लेकिन फिलहाल गर्म हवाओं से राहत रहने की संभावना जताई जा रही है।



बारिश के दौरौन सूनसान सड़क।

### खाड़ी से लगातार पहुंच रही नमी

मौसम विज्ञानी के अनुसार मानसून की दस्तक के पूर्व हर साल उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी होते हैं जिसे प्री मानसून की गतिविधियां मानी जाती है। वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में समुद्र तल से 5.6 किमी की ऊंचाई पर पछुआ विक्षोभ सक्रिय है वही उत्तरी उड़ीसा के मध्य आसमान में तमिलनाडु से बंगाल की खाड़ी तक चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। देश के अन्य हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं जिसके प्रभाव से लगातार खाड़ी से नमी पहुंच रही है। जगह-जगह मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण मौसम विज्ञानी जून के शुरूआती दिनों में कहीं-कहीं आंधी के साथ बारिश होने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण उमस बढ़ गई है। गुरूवार को शाम वातावरण में नमी की मात्रा 43 फीसदी थी जो शुक्रवार को सुबह बढ़कर 95 फीसदी एवं धूप निकलने के बाद शाम को 43 फीसदी पहुंच गई है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण आगे भी लोगों को उमस का सामना करना पड़ेगा।

### मानसून की गति पड़ी धीमी

बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर बनने के बाद दक्षिण पश्चिम मानसून ने गति पकड़ ली थी। मौसम विज्ञानी इस बार मानसून के समय पूर्व केरल तट पर दस्तक देने का अनुमान लगा रहे थे। फिलहाल मानसून हिंद महासागर में केरल के मुहाने पर है तथा एक-दो दिन में उसके अग्रसर होने की अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में मानसून के केरल दस्तक देने में कुछ विलंब होने की संभावना जताई जा रही है।

### जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

उत्तर भारत में विक्षोभ के प्रभावी होने के साथ ही देश के अलग-अलग हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता से खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है। एक साथ कई सिस्टम बनने से आगे भी मौसम में उतार-चढ़ाव रहने एवं अंधड़ के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने एवं बौछारें पड़ने की संभावना है।

**-अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी



## मौसम ने ली करवट, जमकर हुई बारिश, भीषण गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज. रामानुजगंज

जिले में शुक्रवार सुबह अचानक मौसम ने करवट ले ली। सुबह करीब 7 बजे आसमान में घने बादल छा गए और तेज गरज-चमक के साथ जमकर बारिश शुरू हो गई। लगातार हो रही बारिश और मौसम में आई ठंडक से लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। सुबह का मौसम पूरी तरह बदला हुआ नजर आया और वातावरण सुहावना हो गया।

बीते कई दिनों से जिले में तेज धूप और भीषण गर्मी का असर देखा जा रहा था। गुरुवार तक जिले का तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। वहीं शुक्रवार को मौसम बदलने के बाद अधिकतम तापमान करीब 36 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई जा रही है। न्यूनतम तापमान लगभग 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। यानी एक ही दिन में तापमान में करीब 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह से हो रही तेज बारिश के कारण लोगों ने राहत की सांस ली। जहां आम दिनों में सुबह होते ही तेज धूप निकल जाती थी, वहीं शुक्रवार को आसमान पूरी तरह बादलों से ढका रहा और सुबह के समय हल्का अंधेरा छाया रहा। मौसम में आए इस बदलाव से धरती की तपिश कम हुई और लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई। किसानों समेत लोगों ने भी बारिश का स्वागत किया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में अगले कुछ घंटों तक बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है।

### सड़क किनारे मिला 300 पैकेट राशन का खराब चना

**रामानुजगंज/रामचंद्रपुर।** विकासखण्ड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कालिकापुर में रामानुजगंज सनावल मार्ग में नीलकंठपुर के निकट सड़क किनारे राशन के चना के 300 पैकेट लावारिस हालत में मिले हैं। चना सड़ गया है तथा पैकेट से दुर्गंध निकल रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि समय पर चने का वितरण नहीं किए जाने के कारण चना रखे-रखे खराब हो गया होगा जिसे किसी राशन दुकान संचालक ने सड़क किनारे फेंक दिया होगा। राशन का चना किसने फेंका है अभी तक इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रामीणों की सूचना पर शुक्रवार को जिला खाद्य अधिकारी श्रीमती छवि पैकरा घटनास्थल पर पहुंची एवं लावारिस पड़े चने का जायजा ली। उन्होंने ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया तथा खराब चने की जब्ती कर ग्राम पंचायत कालिकापुर के रोजगार सहायक के सुपुर्द किया है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशन का चना किसने फेंका है इसकी जांच कराई जाएगी तथा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## हरिद्वार में नगर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

हरिद्वार में आयोजित 8वीं आईएसएफ नेशनल कराटे चैंपियनशिप में रामानुजगंज के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मार्शल आर्ट कराटे ट्रेनिंग सेंटर के मुख्य प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों ने अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राधा रानी शर्मा ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं महिमा सिंह सिदार, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा एवं कुमारी मुस्कान ने सिल्वर मेडल जीता। अंश कुमार एवं कुमारी आराध्या ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों के नगर आगमन पर नपं अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में पार्षद विजय रावत, पूर्व पार्षद प्रमोद कश्यप, विपुल सिंह, ओम प्रकाश एवं ललन पासवान सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान महिमा सिंह सिदार एवं कृष्ण कुमार विश्वकर्मा को द्रोण रत्न बेस्ट प्लेयर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। रमन अग्रवाल ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि छोटे शहरों के खिलाड़ी भी मेहनत और अनुशासन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

- 8वीं आईएसएफ नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीते कई पदक



## आंधी ने मचाई तबाही जगह-जगह उखड़े पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

गुरूवार को अपराह्न आधे घंटे तक चली तेज रफ्तार आंधी ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। आंधी से जगह-जगह पेड़ उखड़ गए हैं वहीं पेड़ों की डालें घरों व विद्युत तार पर गिर गई हैं। आंधी से कई घरों के छप्पर उड़ गए हैं वही विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

- गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप

गुरूवार को चिलचिलाती धूप के बीच अपराह्न 3 बजे अचानक मौसम बदला एवं तेज रफ्तार आंधी चलने लगी जिससे जगह-जगह पेड़ उखड़ गए एवं विद्युत पोल व विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। आंधी से ग्राम अमड़ी, कर्रा एवं बबौली में भारी क्षति हुई है। कुछ देर तक राहत देने के बाद दोबारा तेज रफ्तार आंधी चली जिससे क्षेत्र में काफी क्षति हुई है।

जगह-जगह विद्युत पोल उखड़ने एवं विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। देर शाम विद्युत कर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद विकासखण्ड मुख्यालय धौरपुर की विद्युत आपूर्ति सुचारू की जबकि क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अंधेरा छाया है।

## न्यायालय ने 17 हत्या के मामलों में 29 अभियुक्तों को सुनाई कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



न्यायालयों ने हाल ही में हत्या के कई आरोपियों को कठोर सजा सुनाई है। नए कानून भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद पिछले 5 माह में दिसम्बर 2025 से अप्रैल 2026 के मध्य हत्या के 17 प्रकरणों में 29 अभियुक्तों को दोषी मानते हुए कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालय के हालिया फैसलों में ग्राम पसला स्थित डेयरी फार्म में एक महिला की हत्या मामले में आरोपी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। कालेज रोड़ नावापारा सूरजपुर एक मकान में एक महिला की हत्या मामले में आरोपी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। चौकी लटोरी के ग्राम द्वारिकापुर गाड़ा झरिया में एक महिला द्वारा अपने पति की धारदार हथियार से वार कर हत्या के मामले में आरोपी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। थाना चांदनी के ग्राम विशालपुर में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति को 4 लोगों के द्वारा हथियार से वार कर हत्या मामले में 4 आरोपियों को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। थाना चांदनी के ग्राम अवन्तिकापुर में चाचा ने अपने भतीजे की हत्या कर दी थी। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष की कठोर कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। थाना सूरजपुर के ग्राम पर्री गौटियापारा में एक लड़के को उसके पिता व भाई ने पेड़ में बांधकर मारपीट कर हत्या कर दी थी। इस मामले में न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा और अर्थदण्ड से दंडित किया है। नए कानून लागू होने के बाद आपराधिक मामलों में चश्मदीद गवाहों के पलटने के बावजूद न्यायालय अन्य ठोस सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी मानकर सजा सुना रही है। अपराध विवेचना के दौरान संकलित किए गए गवाहों के कथनों, वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य, मेडिकल व पीएम रिपोर्ट, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर भी आरोपियों के विरूद्ध सजा तय की जा रही है। आधुनिक न्यायिक प्रणाली के अन्तर्गत समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए डिजिटल, फोरेंसिक और परिस्थितियों की कड़ियों को जोड़कर आरोप की पुष्टि होने के बाद न्यायालय गवाहों के पलटने के बाद भी न्याय सुनिश्चित कर रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## वन वाटिका में छह भैंसों की मौत, करंट की चपेट में आने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



रामानुजगंज वन परिक्षेत्र स्थित वन वाटिका में गुरुवार को दर्दनाक हादसे में छह भैंसों की मौत हो गई। प्रथम दृष्टया मामला करंट लगने का बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पशुपालक अकलू यादव के परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिन भैंसों के दूध से परिवार का भरण-पोषण होता था, वे सभी कुछ ही घंटों में तड़प-तड़प कर मौत के मुंह में समा गईं।

- जंगल में बिछे मौत के तार का खतरा, तेंदूपत्ता तोड़ने जाने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा पर भी उठे सवाल

वार्ड क्रमांक 15 निवासी पशुपालक अकलू यादव ने बताया कि गुरुवार तड़के करीब 3 बजे वह अपनी छह भैंसों को रोज की तरह घर के समीप वन वाटिका क्षेत्र में चरने के लिए छोड़कर घर आ गया था। प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे के बीच सभी भैंस वापस घर लौट आती थीं, लेकिन गुरुवार को जब काफी देर तक भैंस वापस नहीं आई तो उन्हें आशंका हुई। इसके बाद वह तलाश करते हुए वन वाटिका पहुंचा। अकलू यादव ने बताया कि वन वाटिका के भीतर नर्सरी से करीब 100 मीटर आगे पगडंडी पार करने पर एक-एक कर उनकी सभी छह भैंस मृत अवस्था में पड़ी मिलीं। सभी भैंस लगभग 10-10 मीटर की दूरी पर गिरी हुई थीं। मृत पशुओं के पैरों में गंभीर जलने के निशान थे। उन्होंने आशंका जताई कि यह निशान ठीक वैसे ही हैं जैसे हाईटेंशन तार या बिजली के करंट की चपेट में आने पर बनते हैं। इधर घटना ने जंगल क्षेत्रों में बिछाए जाने वाले अवैध करंट तारों की भयावहता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। इन दिनों रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का सीजन चल रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ने जाते हैं। ऐसे में यदि जंगल में सूअर या अन्य वन्यजीवों के शिकार के लिए अवैध रूप से बिजली के तार बिछाए गए हैं, तो यह न सिर्फ पशुओं बल्कि इंसानों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है। ग्रामीणों ने मामले की गंभीर जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में रेंजर डॉ. दिलरुबा बानो ने बताया कि मामले में मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाएगा। देर शाम होने के कारण गुरुवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शुक्रवार को पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा मृत भैंसों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग द्वारा घटना के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
HOSPITAL Caring for You
तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस
इलाज में सबसे सस्ता, व्यवस्था में सबसे अच्छा
हर रविवार, अंबिकापुर में अनुभवी डॉक्टरों से पाएँ सही उपचार!
डॉ. नीरज प्रसाद
M.S., MCH Neurosurgery Ex. Consultant at Ramkrishna care Hospital Raipur
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाविक शाह
D.N.B. (Medicine) D.A.B. (Gastro) M.R.C.P.-S.C.E (Gastro), Former Consultant Apollo Gleneagles Hospital Kolkata
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
BLOOD BANK की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँचकी सुविधा उपलब्ध
दिनांक : 31 मई 2026 दिन : रविवार
8224007799,7000619700

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता (दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411